Chapter 02

जीव जगत का वर्गीकरण (Biological Classification)

RANKER'S STUFF

Q.1 आद्य जीवाणु अन्य जीवाणु से भिन्न होते हैं :

(1) भिन्न कोशिका भित्ति संरचना रखने में

(2) भिन्न कोशिकीय संगठन रखने में

(3) परजीवी प्रकृति रखने में

(4) उपरोक्त सभी

Q.2 दी गई आकृति एक तंतुमय नील–हरित शैवाल की है। शैवाल की पहचान करें और चित्र में A, B और C के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन करे।



(1) A– *जेलिडियम,* B–कायिक कोशिका, C–हेटेरोसिस्ट

(2) A– *वोल्वॉक्स,* B– कायिक कोशिका, C–श्लेष्मीय आवरण

(3) A– *कारा,* B–श्लेष्मीय आवरण, C–हेटेरोसिस्ट

(4) A– *नॉस्टॉक,* B–हेटरोसिस्ट, C–श्लेष्मीय आवरण

Q.3 निम्नलिखित आकृति में नामांकित A, B, C और D की पहचान करें।



(1) A–प्लाज्मा झिल्ली, B–कोशिका भित्ति, C–आरएनए, D –बीजाणु निर्माण

(2) A– कोशिका भित्ति, B–कोशिका झिल्ली, C–डीएनए, D– द्विविखंडन

(3) A–श्लेष्मीय आवरण, B – कोशिका झिल्ली, C–आरएनए, D –संयुग्मन

(4) A –प्लाज्मा झिल्ली, B –श्लेष्मीय आवरण,C –डीएनए, D –रूपांतरण

Q.4 नीचे दिए गए चित्र को देखें और इसके बारे में असत्य विकल्प का चयन करें।

(1) यह प्रोटिस्टा–जगत से संबंधित है और एक डाइनोफ्लैजिलेट है

(2) यह मुख्यतः समुद्री, प्रकाश संश्लेषक होता है तथा इनका रंग इनकी कोशिकाओं में उपस्थित मुख्य वर्णक पर निर्भर करता है

(3) इनमें दो कशाभिका होते हैं, एक छोटा और एक बडा

(4) ये जीव बड़ी संख्या में विषाक्त पदार्थों को स्त्रवण करते हैं जिससे अन्य समुद्री जान्तुओं की मृत्यु हो जाती है।

Q.5 दिए गए चित्र में जीवों के कौनसे समूह को दर्शाया गया है?



(1) डाइनोफ्लेजिलेट्स (2) प्रोटोजोआ

(3) अवपंक कवक (4) यूग्लीनोइड्स

Q.6 दी गई आकृति को पहचानिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

(1) यह समुद्री जल प्लवक है
(2) यह एक मृतजीवी प्रोटिस्टा है
(3) यह परजीवी भक्षक माना जाता है लेकिन जानवरों का प्राथमिक संबन्धी है।
(4) यह एक पक्ष्माभिक प्रोटोजोआ है

Q.7 **कथन–I** : लंबे समय से उपयोग किया जाने वाला दो जगत वर्गीकरण अपर्याप्त पाया गया था।

कथन–II : वर्गीकरण की दो जगत प्रणाली में यूकेरियोट्स और प्रोकैरियोट्स, एककोशिकीय और बहुकोशिकीय जीवों तथा हरे शैवाल और कवक के बीच अंतर नहीं किया गया था।

(1) यदि कथन –I और कथन –II दोनों सत्य हैं और कथन –II कथन –I की सही व्याख्या है।
(2) यदि कथन – I और कथन – II दोनों सत्य हैं, परन्तु कथन– II कथन– I की सही व्याख्या नही है।
(3) यदि कथन –I सत्य है, लेकिन कथन –II असत्य है।
(4) यदि दोनों कथन –I तथा कथन –II असत्य हैं।

Q.8 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। नीचे दिया गया कौन सा कथन गलत है?

(1) सभी प्रोकैरियोटिक जीवों को जगत मोनेरा में रखा गया है।
(2) एककोशिकीय यूकेरियोटिक जीवों को जगत– प्रोटिस्टा में रखा गया है।
(3) *क्लोरेला* और *क्लेमाइडोमोनास,* दोनों में कोशिका भित्ति नहीं होती है
(4) *पैरामीशियम* तथा *अमीबा* में कोशिका भित्ति का अभाव होता है

Q.9 निम्नलिखित स्तम्भों का मिलान कीजिए।

कॉलम I (नाम)	**कॉलम II (आकार)**
A. *कॉकस*	1.छडाकार
B. *बेसिलस*	2. गोलाकार
C. *विब्रियो*	3. सर्पिलाकार
D. *स्पाइरिलम*	4. कॉमाकार

A B C D

(1) 3 2 1 4 (2) 4 3 2 1
(3) 2 1 4 3 (4) 1 4 3 2

Q.10 निम्न कथनों को ध्यानूर्वक पढ़िये :

(i) कवकों का शरीर संघटन बहुकोशिकीय या शिथिल ऊत्तक प्रकार का होता है।
(ii) मोनेरा में पोषण स्वपोषी या विषमपोषी हो सकता है।
(iii) *ई.कोलाई* में केन्द्रक झिल्ली उपस्थित हो सकती है।
(iv) जन्तु कोशिकाओं की कोशिका भित्ति सेलुलोज से निर्मित होती है।
(v) कवक में सेलुलोज रहित कोशिका भित्ति उपस्थित होती है।

उपरोक्त में से कितने कथन सही है ?

(1) तीन (2) दो (3) चार (4) पाँच

Q.11 निम्न कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िये :

(i) जीवाणु की संरचना सरल होती है परन्तु यह व्यवहार में जटिल होते है।
(ii) दूसरे जीवों की तुलना में जीवाणु अधिक विस्तृत उपापचयी विविधता दर्शाते है।
(iii) कुछ जीवाणु स्वपोषी होते है।
(iv) अधिकांश जीवाणु विषमपोषी होते है।
(v) जीवाणु में कोशिका भित्ति होती है।

उपरोक्त में से कितने कथन **असत्य** नहीं है ?

(1) चार (2) पाँच (3) दो (4) शून्य

Q.12 निम्न कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िये :

(i) अधिकांश अवपंक कवक स्वच्छ जलीय जीव है।
(ii) डाइनोफ्लेजिलेट सामान्यतया स्वच्छ जलीय जीव है।
(iii) अवपंक कवक प्लाज्मोडियम बनाते है।
(iv) प्रोटोजोअन्स स्वपोषी हो सकते है।
(v) अवपंक कवक के बीजाणु जल के द्वारा प्रकीर्णित होते है।

उपरोक्त में से कौनसे कथन **सत्य** है ?

(1) केवल (iii) (2) सभी पाँच
(3) (i), (ii) तथा (v) (4) (i), (ii), (iv) तथा (v)

Q.13 अवपंक कवक के लिए सही कथनों का चयन कीजिये -

(1) मृतोपजीवी, कोशिका भित्तियुक्त प्लाज्मोडियम तथा बीजाणु वायु के द्वारा प्रकीर्णित होते है।
(2) मृतोपजीवी, कोशिका भित्तिरहित प्लाज्मोडियम तथा भित्तियुक्त बीजाणु वायु के द्वारा प्रकीर्णित होते है।
(3) परजीवी, कोशिका भित्तिरहित प्लाज्मोडियम तथा बीजाणु वायु के द्वारा प्रकीर्णित होते है।
(4) परजीवी, कोशिका भित्तिरहित प्लाज्मोडियम तथा भित्तियुक्त बीजाणु जल के द्वारा प्रकीर्णित होते है।

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

Q.14 कवक की द्विकेंद्रक प्रावस्था पायी जाती है
(1) एस्कोमाइसिटीज और बेसिडिओमाइसिटीज में
(2) फाइकोमाइसिटीज और एस्कोमाइसिटीज में
(3) फाइकोमाइसिटीज और बेसिडिओमाइसिटीज में
(4) बेसिडिओमाइसिटीज और ड्यूटेरोमाइसिटीज में

Q.15 कौनसा कथन कवकों के बारे में सत्य नहीं है ?
(1) कोशिका भित्तियाँ काइटिन व पॉलिसैकेराइड की बनी होती है।
(2) ये विषमपोषी जीव होते हैं।
(3) ये स्वपोषी जीव होते है।
(4) पोषण की प्रक्रिया अवशोषी प्रकृति की होती है।

Q.16 असत्य मिलान का चयन करें।
(1) मोरेल और ट्रफल्स – फाइकोमाइसिटीज
(2) मशरूम और पफबॉल – बेसिडियोमाइसिटीज
(3) कंड और किट्ट – बेसिडियोमाइसिटीज
(4) ब्रेडमोल्ड – फाइकोमाइसिटीज

Q.17 नीचे एक वायरस का चित्र दिया गया है। किस एक विकल्प में तीनों A, B और C (वायरस का नाम) सही हैं?



(1) A-आरएनए, B-कैप्सोमियर, C-तम्बाकू मोजेक विषाणु
(2) A-डीएनए, B-कैप्सिड, C-जीवाणुभोजी
(3) A-आरएनए, B-कैप्सिड, C-तम्बाकू मोजेक विषाणु
(4) A-डीएनए, B-कैप्सिड, C-जीवाणुभोजी

Q.18 निम्नलिखित में से कौन–सा रोग विषाणुओं के कारण होता है?
(1) मम्पस, स्मॉल पॉक्स, हर्पिस, इन्फ्लूएंजा
(2) एड्स, मधुमेह, हर्पिस, क्षयरोग
(3) एंथ्रेक्स, हैजा, टिटनेस, क्षयरोग
(4) हैजा, टिटनेस, स्मॉल पॉक्स, इन्फ्लूएंजा

Q.19 विटेकर के द्वारा दिये गए जातिवृत्त वर्गीकरण के आधार पर जीवों के सही क्रम को व्यवस्थित कीजिए।
(A) आर्कीबैक्टीरिया (B) डायटम्स
(C) *पक्सीनिया* (D) *पेनिसिलियम*
(E) *राइजोपस* (F) BGA
(1) A→ E→ B → C → D → F
(2) A → F→ B → E→ D → C
(3) B → F→ A → E→ D → C
(4) F → A→ B → E→ D → C

Q.20 **अभिकथन (A):** अवपंक कवक को, कवक के समान जन्तु कहा जाता है।
कारण (R): इनमें कोशिका भित्ति नहीं होती।
(1) यदि A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है
(2) यदि A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है
(3) यदि A सत्य है, लेकिन R असत्य है
(4) यदि A असत्य है, लेकिन R सत्य है

Q.21 सही सुमेलित युग्म का चयन करें ।
(1) *क्लैविसेप्स* – एस्कोमाइकसिटीज
(2) *मौरेल्स* –एस्कोमाइकसिटीज
(3) *एगारिकस* – बेसिडियोमाइसिटीज
(4) उपरोक्त सभी

Q.22 निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है।
(1) जीवाणु केवल द्विविखंडन द्वारा ही जनन करते हैं
(2) प्रतिकूल परिस्थितियों में, जीवाणु कई प्रकार के बीजाणु उत्पन्न करते हैं।
(3) जीवाणु एक प्रकार के लैंगिक जनन द्वारा एक आदिम प्रकार के RNA को स्वीकार कर एक जीवाणु से दूसरे में स्थानान्तरण करते है।
(4) 1 और 3 दोनों

Q.23 निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और उन्हें सत्य और असत्य श्रेणी में रखें।
I. कवक परपोषी जीवों का एक अद्वितीय जगत का निर्माण करता है।
II. सामान्य मशरूम और टोडस्टूल कवक हैं।
III. सरसों की पत्तियों पर दिखाई देने वाले सफेद धब्बे परजीवी कवक की उपस्थिति के कारण होते हैं।
IV. कुछ एककोशिकीय कवक (*अस्टिलागो*) का उपयोग ब्रेड और बीयर बनाने के लिए किया जाता है।
V. *पक्सिनिया* गेहूं के कंड रोग के लिए जिम्मेदार है।
VI. *पेनिसीलियम* प्रतिजैविक पेनिसिलीन का उत्पादन करता है।

	सत्य	असत्य
(1)	I, II, III	IV, V, VI

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

(2) I, II, III, VI IV, V

(3) II, III, VI I, IV, V

(4) IV, V I, II, III, VI

Q.24 निम्नलिखित स्तम्भों का मिलान कीजिए।

कॉलम I (विशेषता)	**कॉलम II (प्रोटिस्टा)**
A. समुद्र के एक मुख्य उत्पादक	1. डायटम
B. लाल ज्वार	2. डाइनोफ्लैजिलेट्स
C. पादपो और जन्तुओ के बीच योजक कड़ी	3. यूग्लीनोइड्स
D. मृतोपजीवी प्रोटिस्टा	4. अवपंक कवक

	A	**B**	**C**	**D**
(1)	2	3	4	1
(2)	1	2	3	4
(3)	3	4	1	2
(4)	4	1	2	3

Q.25 निम्नलिखित स्तम्भों का मिलान कीजिए।

कॉलम I	**कॉलम II**
A. मृतजीवी	1. पौधों की जड़ों के साथ कवक का सहजीवी सबंध
B. परजीवी	2. मृत कार्बनिक पदार्थों का अपघटन
C. लाइकेन	3. जीवित पौधों या जन्तुओं पर आश्रित
D. कवकमूल	4. शैवाल और कवक का सहजीवी सबंध

	A	B	C	D		A	B	C	D
(1)	3	2	1	4	(2)	2	1	3	4
(3)	2	3	4	1	(4)	1	2	3	4

Q.26 सत्य कथन का चयन करिए :

(1) विषाणु अविकल्पी परजीवी होते है

(2) लाइकेनो में शैवाल घटक शैवालांश कहलाता है

(3) लाइकेनो में कवक घटक कवकांश कहलाता है

(4) उपरोक्त सभी

Q.27 कवक के सन्दर्भ में निम्न कथनों को ध्यान से पढ़िये :

(i) इनका शरीर लम्बे पतले तन्तुनुमा संरचना से बना होता है जिसे कवकतंतु (हाइफा) कहते है।

(ii) कवकतंतु का जाल कवक जाल कहलाता है।

(iii) कवकतंतु सतत बहुकेन्द्रकी कोशिका द्रव्य से भरी नलिकाओं के समान हो सकते है ऐसे कवकतंतु संकोशिकीय कहलाते है।

(iv) अनेक बार कवकतंतु में पट या अनुप्रस्थ भित्ति पाई जाती है।

(v) कवकों की कोशिका भित्ति काइटिन तथा पोलीसेकेराइड से बनी होती है।

उपरोक्त में से कितने कथन सत्य है ?

(1) एक (2) तीन (3) चार (4) पाँच

Q.28 नीचे दिये गये कवक को पहचानिये

(1) *म्यूकर* (2) *राइजोपस*

(3) *एगारिकस* (4) *अस्टिलेगो*

Q.29 दिये गए कॉलम I तथा कॉलम II को सुमेलित कीजिए।

कॉलम I	**कॉलम II**
(a) अवपंक कवक	(i) डायटम्स
(b) डायनोफ्लेजिलेट्स	(ii) पीले तथा नीले रंग युक्त
(c) क्राइसोफाइट्स	(iii) *गोनियोलेक्स*
	(iv) भित्ति युक्त बीजाणु
	(v) साबुनदानी के समान संरचना दर्शाता
	(vi) फलन काय निर्माण

(1) a-ii, iii, b-iv, vi, c-i, v

(2) a-iv, vi, b-ii, iii, c-i, v

(3) a-iii, vi, b-i, iv, c-ii, v

(4) a-v, vi, b-i, iv, c-ii, iii

Q.30 नीचे दिये गये कवकों के नाम ध्यान पूर्वक पढ़िये :

म्यूकर, एल्ब्यूगो, पेनिसीलियम, अस्टिलेगो, कोलिटोट्राइकम, पक्सिनिया, एगैरिकस, एस्परजिलस और *राइजोपस*

इनमें से कितने फाइकोमाइसिटीज वर्ग से सम्बन्धित है ?

(1) तीन (2) दो (3) चार (4) सात

Q.31 कुछ जीवों की विशेषताओं के संबंध में कथन (ए–डी) का सही संयोजन चुनें:

(a) मीथेनोजेन आद्यजीवाणु हैं जो दलदली क्षेत्रों में मीथेन का उत्पादन करते हैं

(b) नोस्टॉक तंतुमय नीला–हरा शैवाल है जो वायुमंडलीय नाइट्रोजन को स्थिर करता है

(c) रसायन संश्लेषी जीवाणु ग्लूकोज से सेलूलोज का संश्लेषण करते हैं

(d) माइकोप्लाज्मा में कोशिका भित्ति का अभाव होता है और यह ऑक्सीजन के बिना भी जीवित रह सकता है

सही कथन हैं:

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d)

(3) (a), (b), (d) (4) (b), (c)

Q.32 *अमीबा* की संकुचनशील रिक्तिका किसमें भी देखी गयी है?

(1) केंचुए (2) मेंढक

(3) *यूग्लीना* (4) *हाइड्रा*

Q.33 बेसिडियोमाइसिटीज के सदस्यों में कौन सी विशेषता नहीं पाई जाती है?

(1) लैगिक अंगों की उपस्थिति

(2) कवकजाल शाखित और पटयुक्त होता है

(3) बेसिडियोस्पोर बर्हिजात रूप से बेसिडिया पर बनते हैं

(4) लैगिक जीवन चक्र में द्विकेंन्द्रक अवस्था की उपस्थिति

Q.34 नीचे दिए गए कथनों में से कौन सा सही है?

(1) जैविक वर्गीकरण, समूहों की एक पदानुक्रमित श्रृंखला में जीवों का उनके संबधो अर्थात आकारकीय, विकासीय व अन्य के आधार पर वैज्ञानिक क्रम है,

(2) विटेकर ने जीवों का वर्गीकरण पोषण के प्रकार स्वपोषी व विषमपोषी के आधार पर किया।

(3) वर्गीकरण की पाँच जगत प्रणाली में, जीवित जीवों को कोशिका संरचना के आधार पर प्रोकैरियोटिक और यूकेरियोटिक कोशिकाओं में विभाजित किया जाता है।

(4) उपरोक्त सभी

Q.35 जगत मोनेरा के सदस्यों के बारे में असत्य कथन चुनें।

(1) इनमें से कई परजीवी के रूप में अन्य जीवों में अथवा उनके ऊपर रहते हैं

(2) इनमे से कुछ अपने स्वंय का भोजन अकार्बनिक पदार्थो सें बनाते है।

(3) जीवाणु संरचना में अत्यन्त सरल किन्तु व्यवहार बहुत जटिल होते है।

(4) मुट्ठी भर मिट्टी में सैकड़ों बैक्टीरिया मौजूद होते हैं

Q.36 निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

(1) सुनहरे शैवाल को डेस्मिड भी कहा जाता है।

(2) यूबैक्टीरिया को असत्य बैक्टीरिया भी कहा जाता है।

(3) फाइकोमाइसिटीज को शैवालीय कवक भी कहते हैं।

(4) सायनोबैक्टीरिया को नील हरित शैवाल भी कहते हैं।

Q.37 कौन सा कथन सत्य है?

(1) माइकोप्लाज्मा सबसे छोटा और भित्ति रहित जीव है

(2) इन्फ्लुएंजा और हर्पिज डीएनए और आरएनए युक्त विषाणु के कारण होते हैं

(3) *नोस्टॉक* और *अनाबीना* महत्वपूर्ण अपघटक हैं

(4) मीथेनोजेन गेहूँ की फसल में मीथेन उत्पन्न करने वाले जीवाणु होते हैं

Q.38 निम्नलिखित में से कौन सा अलैंगिक बीजाणु नहीं है?

(1) कोनिडिया (2) ऊस्पोर निषिक्तांड

(3) चलबीजाणु (4) घानीबीजाणु

निर्देशः– (39 - 44) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में, कथन का अभिकथन दिया गया है जिसके बाद कथन से संबंधित कारण दिए गए हैं। कथनों में से सही उत्तर को इस प्रकार चिन्हित करें

(A) अभिकथन और कारण दोनों सत्य हैं और कारण, अभिकथन की सही व्याख्या है।

(B) दोनों अभिकथन और कारण सत्य हैं, लेकिन कारण अभिकथन का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(C) अभिकथन सत्य है, लेकिन कारण असत्य है।

(D) अभिकथन असत्य है, लेकिन कारण सत्य है।

Q.39 **अभिकथनः** वर्गीकरण की पाँच जगत प्रणाली ने परपोषी समूह, कवक और स्वपोषी हरे पौधों के बीच अंतर नहीं किया। उन्होंने अपनी कोशिका भित्ति संरचना में एक विशेष अंतर प्रदर्शित किया।

कारणः कवक की कोशिका भित्ति काइटिन की जबकि हरे पादपो की कोशिका भित्ति सेल्यूलोज की बनी होती है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

Q.40 **अभिकथनः** क्लोरोफिल की उपस्थिति के कारण *यूग्लीना* एक पादप है।

कारणः *यूग्लीना* को दो जगत प्रणाली के आधार पर वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

Q.41 **अभिकथनः** तीन अनुक्षेत्र प्रणाली कोशिकीय विशेषताओं के आधार पर जीवों का वर्गीकरण करती है।

कारणः तीन अनुक्षेत्र हैं, आर्किया, बैक्टीरिया और यूकेरिया।

(1) A (2) B (3) C (4) D

Q.42 **अभिकथनः** कवक वितरण में व्यापक रूप से फैले हुए हैं और वे अन्य पादपों और जन्तुओ पर या उनके अंदर भी रह सकते हैं।

कारणः कवक भूमि, जल या अन्य जीवों पर कहीं भी विकसित होने में सक्षम हैं क्योंकि उनके पास क्लोरोफिल, कैरोटिनॉइड्स, फ्यूकोजैन्थिन और फाइकोएर्थ्रिन सहित विभिन्न प्रकार के वर्णक होते हैं।

(1) A (2) B (3) C (4) D

Q.43 **अभिकथनः** विषाणु रोगों का कारण बनते हैं और जब वे ग्राही कोशिका में होते हैं तो प्रतिकृतिकरण करते हैं।

कारणः वायरस ग्राही कोशिका के बाहर प्रतिकृति नहीं बनाते हैं, लेकिन वे पर्यावरण में जीवित रहते हैं।

(1) A (2) B (3) C (4) D

Q.44 **अभिकथनः** प्लांटी–जगत में सभी यूकेरियोटिक, क्लोरोफिल युक्त जीवों को शामिल किया गया हैं।

कारणः इसके कुछ सदस्य आंशिक रूप से विषमपोषी होते हैं।

(1) A (2) B (3) C (4) D

निर्देश (Q.45–Q.50): उपरोक्त के आलोक में नीचे दिए गए विकल्पं में से कथनों के सही उत्तर चुनें :

(A) कथन I सत्य है लेकिन कथन II असत्य है

(B) कथन II सत्य है लेकिन कथन I असत्य है

(C) दोनों कथन I और II सत्य हैं

(D) दोनों कथन I और II असत्य हैं

Q.45 **कथन–I:** *न्यूरोस्पोरा* का उपयोग जैव रासायनिक और आनुवंशिक अध्ययन में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

कथन–II: *क्लैविसेप्स* और *न्यूरोस्पोरा* दोनों में कोनिडिया बर्हिजात रूप से कोनिडियधर पर उपस्थित होता है.

(1) A (2) B (3) C (4) D

Q.46 **कथन–I:** मोरल्स और ट्रफल्स मशरूम की तरह खाने योग्य होते हैं।

कथन–II: मशरूम में मोरल और ट्रफल्स के रूप में फलनकाय होते हैं।

(1) A (2) B (3) C (4) D

Q.47 **कथन–I:** कवक शैवाल के साथ सहजीवी के रूप में रह सकते हैं।

कथन–II: कवक जो पादपो और जन्तुओ पर निर्भर होते हैं, परजीवी कहलाते हैं।

(1) A (2) B (3) C (4) D

Q.48 **कथन–I:** *ट्रिपैनोसोमा* निद्रालु व्याधि उत्पन्न करता है।

कथन–II: *ट्रिपैनोसोमा* और *एंटअमीबा* दोनों कशाभिकीय प्रोटोजोआ हैं।

(1) A (2) B (3) C (4) D

Q.49 **कथन–I:** डाइनोफ्लैजिलेट्स का रंग उनकी कोशिकाओं में मौजूद मुख्य वर्णक पर निर्भर करता है।

कथन–II: डाइनोफ्लैजिलेट्स के शरीर पर कठोर सेल्युलोसिक पट्टियाँ उपस्थित होती है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

Q.50 **कथन–I:** विषाणु में प्रोटीन के अलावा आनुवंशिक सामग्री भी होती है।

कथन–II: जीवाणुभोजी विषाणु में आमतौर पर द्विरज्जुकी डीएनए होता है।

(1) A (2) B (3) C (4) D

KHAN GLOBAL STUDIES Most Trusted Learning Platform KHAN SIR

ANSWER KEY

RANKER'S STUFF

Que.	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
Ans.	1	4	2	3	4	2	1	3	3	1	2	1	2	1	3
Que.	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27	28	29	30
Ans.	1	3	1	2	3	4	4	2	2	3	4	4	3	2	1
Que.	31	32	33	34	35	36	37	38	39	40	41	42	43	44	45
Ans.	4	3	1	4	3	2	1	2	4	1	2	3	2	2	3
Que.	46	47	48	49	50										
Ans.	3	3	1	1	2										

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR